राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/17/ 1119 – 1310 दिनांक :– 05/1/2018

आयुक्त,नगर निगम समस्त।
आयुक्त, नगर परिषद समस्त।
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका समस्त।

विषयः– स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 मे सिटीजन फीडबैक के सम्बन्ध में।

जैसा की आपको विदित है, स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 4 जनवरी 2018 से प्रांरभ हो चुका है, प्रथम चरण मे आठ निकायो का भारत सरकार की एजेन्सी द्वारा निरीक्षण प्रारंभ कर दिया है।

नागरिको की भागीदारी एंव सिटीजन फिडबैक के सर्वेक्षण मे 1400 अंक आधारित है, जो कि कुल अंको का 35% है। नगर निकाय अपने–अपने क्षेत्र में नागरिको को इस विश्व के सबसे बडे सर्वेक्षण मे जोड कर उनका फिडबैक लेना शुरू करे जिससे कुल 1400 अंको मे से अधिक से अधिक अंक हासिल कर सर्वेक्षण मे अच्छी रैकिंग प्राप्त की जा सकें।

सिटीजन फीडबैक मे प्रमुख्तया निम्न बिन्दुओ पर फिडबैक लिया जाना है।

1. क्या आप जानते है, कि आपका शहर स्वच्छता रैंकिग के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 मे भाग ले रहा है ? (175 अंक)
2. क्या पिछले साल के मुकाबले आपका क्षेत्र साफ है ? (175 अंक)
3. इस साल क्या आपने सार्वजनिक क्षेत्रो मे कूडे/कचरे के डिब्बे का उपयोग शुरू कर दिया है ? (150 अंक)
4. क्या आप इस वर्ष अपने घर से अलग–अलग कचरा एकत्र (गीला कचरा हरे डिब्बे मे एवं सूखा कचरा नीले डिब्बे मे) किये जाने की व्यवस्था से संतुष्ट है ? (175 अंक)
5. क्या आपको लगता है कि पिछले वर्ष के मुकाबले मूत्रालयो/शौचालयो की संख्या मे बढोतरी हुई है, जिससे खुले मे पेशाब/शौच कम हो गया है। (150 अंक)
6. क्या सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालया अब अधिक साफ एंव सुलभ है ? (175 अंक)
7. क्या आपके शहर मे स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग चालू कर दिया है ? (150 अंक) तथा निकाय द्वारा निर्धारित समय सीमा 2 घण्टे मे शिकायतो का निवारण किया जा रहा है ? (150 अंक)
8. क्या आपका शहर स्वच्छता एप आधारित रैंकिग मे अप्रैल 2017 और दिसम्बर 2017 मे मध्य शीर्ष शहरो मे प्रदर्शित किया गया है ? (100 अंक)

नागरिक अपने फीडबैक 1969 पर कॉल करके, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की वेबसाइट www.swachhsurvekshan2018.org तथा Swachhta App के माध्यम से भेज सकते है। साथ ही नगर निकाय द्वारा निर्धारित टोल फ्री नम्बर तथा राज्य स्तरीय टॉल फ्री नम्बर (18001806127) पर भी फिडबैक लिया जा सकता है। अपने शहर मे IEC गतिविधियो के माध्यम से नागरिको की भागीदारी बढाया जाना आवश्यक है, जिसकी समस्त तैयारिया कर कार्यवाही संपादित करें।

अतः आप कृपया अपने शहर के नागरिको का फिडबैक लिये जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण मे अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर अपने शहर की रैंकिग अच्छे पायदान पर लाने का व्यक्तिगत प्रयास करें।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ 16/ 1311 – 64 दिनांक :– 05/1/2018
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

D:\Kala ji\Hindi Letter .docx 420

1. प्रमुख शासन सचिव माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग।
3. संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (SBM), भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली – 110011
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
5. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग।
6. निजी सचिव, निदेशक स्वच्छता।
7. जिला कलेक्टर समस्त।
8. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय।
9. निजी सहायक मुख्य अभियंता निदेशालय।
10. निजी सहायक मुख्य लेखाधिकारी निदेशालय।
11. उपनिदेशक क्षैत्रीय समस्त।
12. प्रोगामर निदेशालय विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाने हेतु।
13. सुरक्षित पत्रावली।

5/1/18

(भूपेन्द्र माथुर)
मुख्य अभियंता